दिनांक 29/01/2026

महापौर परिषद की बैठक में विकास कार्यों पर लगी मुहर, जवाहर मार्केट का होगा कायाकल्प

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल एवं अपर आयुक्त सह सचिव राजेन्द्र कुमार दोहरे की गरिमामयी उपस्थिति में आज महापौर परिषद की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में शहर के बुनियादी ढांचे, राजस्व वृद्धि और जन सुविधाओं से जुड़े विभिन्न एजेंडा पर गहन चर्चा के बाद कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मार्केट के उन्नयन एवं विकास कार्य के लिए संविदा निष्पादन और कार्यादेश जारी करने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। जल्द ही यहाँ विकास कार्य शुरू होंगे। 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत 5 नग बैकहो लोडर क्रय करने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। परिषद सदस्यों ने इस पर विस्तृत विचार–विमर्श करते हुए प्रस्ताव को संशोधित कर पुनः प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। खुर्सीपार स्थित पंडित दीनदयाल मिनी स्टेडियम खेल परिसर में नवनिर्मित दुकानों को अस्थाई किरायेदारी पर देने के प्रस्ताव पर समिति ने अपनी सहमति दे दी है। निगम क्षेत्र के अंतर्गत यूनिपोल स्थापना, संधारण और विज्ञापन संबंधी कार्यों को सर्वसम्मति से पारित किया गया, जिससे निगम की आय में वृद्धि होगी। कुरूद स्थित सुंदरविहार में प्रस्तावित कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट की स्थापना को लेकर भी बैठक में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एन्थोनी, संदीप निरंकारी, केशव चौबे, आदित्य सिंह, लालचंद वर्मा, चंद्रशेखर गंवई, रीता सिंह गेरा, नेहा साहू, मालती ठाकुर सहित उपायुक्त डी. के. कोसरिया, लेखाधिकारी चंद्र भूषण साहू, सहायक अभियंता अजय गौर, उप अभियंता शशिकांत वर्मा, अर्पित बंजारे, देवराज राजपूत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।